हरिभूमि
# बेमेतरा भूमि
रायपुर, सोमवार 29 सितंबर 2025

बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट

तापमान

अधिकतम 31.5 डिग्री

न्यूनतम 16.8 डिग्री

14 मां महामाया धाम बुचीपुर में नवरात्रि की धूम, 1462 ज्योत कलश...



13 तकनीकी शिक्षा का विस्तार व नवाचार को मिलेगा ...



## नवरात्रि विशेष



### सप्तमी : कालरात्रि

माता दुर्गा की सातवीं शक्ति कालरात्रि नाम से विख्यात है। सातवें नवरात्रि की मां कालरात्रि के पूजन का विधान है। मां का यह स्वरूप अत्यंत भयानक है। इनके शरीर का रंग घने अंधकार की तरह काला है। सिर के बाल बिखरे हुए हैं। गले में बिजली की भांति चमकने वाली माला है। लेकिन मां का यह रुप सदैव शुभ फल देने वाला है। इसी कारण इनका एक नाम शुभंकरी भी है। मां कालरात्रि अपने भक्तों को दुष्टों से बचाने वाली है। कालरात्रि मां ग्रह बाधा को दूर भगाती है। मनुष्य को मन से कालरात्रि की अवश्य करना चाहिए। मां कालरात्रि उपर से उठे हुए दाहिने हाथ अभयमुद्रा में है। बांया तरफ के उपर वाले हाथ में लोहे का कांटा और नीचे वाले हाथ में खडग है। माता के इस रुप की पूजा करने वाले भक्त का मन सहस्रार चक्र में स्थित रहता है। मां की पूजा मात्र से भक्तों के सारे कष्ट दूर होने लगते हैं। उसके लिए ब्रह्मांड की संपूर्ण सिद्धियों के द्वार खुलने लगते हैं। इनकी पूजा- करने वाले को अग्नि भय,जल भय, शत्रु भय, रात्रि भय कभी नहीं होते। इन मां की कृपा से भक्त सर्वथा भय से दूर रहता है। मां कालरात्रि भक्तों को सदैव सुख देने वाली है। इनकी उपासना का श्लोक है-

एकवेणी जपाकर्णपूरा नग्ना खरास्थिता।
लम्बोष्ठी कर्णिकाकर्णी तैलाभ्यक्तशरीरिणी।।
वामपादोल्लसल्लोहलताकण्टकभूषणा।
वर्धनमूर्धध्वजा कृष्णा कालरात्रिर्भयंकरी ।।

## अनियमितता : 57 दिवस के बाद जांच, पाया नाली के बीचों बीच विद्युत पोल

# देवकर नाली निर्माण विवाद, कलेक्टर ने बदला जांच अधिकारी, तहसीलदार के नेतृत्व में मुआयना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| देवकर

नगर पंचायत देवकर में घटिया मटेरियल के इस्तेमाल, अनियमित नाप और विद्युत पोल शिफ्टिंग किए बिना किए जा रहे नाली निर्माण विवाद में जिला प्रशासन ने कड़ा रुख अपनाया है। शिकायतकर्ता की मांग पर, कलेक्टर रणबीर शर्मा ने जांच में ढिलाई बरतने वाले अधिकारी को हटाकर साजा तहसीलदार को नया जांच अधिकारी नियुक्त किया है। शिकायतकर्ता नवीन ताम्रकार (वरिष्ठ भाजपा पदाधिकारी) की लगातार शिकायत और जांच में कोताही की मांग के बाद, कलेक्टर के निर्देश पर तहसीलदार साजा के नेतृत्व में 3 सदस्यीय टीम ने 27 सितंबर को कार्य स्थल का मुआयना किया।

लगभग दो घंटे तक चली जांच में 300 मीटर तक निर्मित नाली का नाप सड़क के किनारे से लिया गया, जिसमें एकरूपता नहीं पाई गई। नाली की दूरी सड़क से 15, 11, 12, 9 और 8 फीट जैसी अलग-अलग मापी गई। सबसे बड़ी अनियमितता यह पाई गई कि नाली निर्माण पहले से स्थापित विद्युत पोलों के रास्ते में किया गया है, जिसके कारण नाली के ठीक बीचों बीच दो विद्युत पोल आ गए हैं।



### विद्युत दुर्घटना का खतरा

बिजली विभाग ने आशंका जताई है कि नाली के पानी के लगातार संपर्क में रहने से पोल का बेस कमजोर हो जाएगा, जिससे विद्युत दुर्घटना की आशंका बनी रहेगी। शिकायतकर्ता नवीन ताम्रकार ने जांच अधिकारी बदले जाने पर संतोष व्यक्त करते हुए कहा कि, हमें पूर्ण विश्वास है कि जांच में दूध का दूध और पानी का पानी हो जाएगा। 40 लाख रुपए की लागत से बन रहे इस 975 मीटर आरसीसी नाली का 300 मीटर हिस्सा बन चुका है, और आगे इसके रास्ते में लगभग 12 पोल और आने की संभावना है। नगर वासियों को अब इस बहुप्रतीक्षित जांच रिपोर्ट का इंतजार है। जांच टीम में बिजली विभाग से इंजीनियर अभिषेक राठी, पीडब्ल्यूडी से इंजीनियर संदीप शर्मा और सीएमओ नगर पंचायत साजा लक्ष्मण लोनहारे शामिल थे।

### जांच अधिकारी का बयान और जब्त दस्तावेज

जांच अधिकारी तहसीलदार साजा मानकर ने बताया कि भौतिक सत्यापन के दौरान यह पाया गया है कि पूर्व में स्थापित पोल के रास्ते में नाली निर्माण किया गया है, जिससे नाली के बीचों बीच दो विद्युत पोल आ गए हैं। जांच टीम ने नाली निर्माण से जुड़े और बिजली विभाग से आदान-प्रदान किए गए दस्तावेजों को जब्त किया है। मानकर ने बताया कि टीम में शामिल सदस्यों से जानकारी लेकर जांच प्रतिवेदन बनाया जाएगा, जिसे 3 दिन के भीतर एसडीएम साजा को सौंपा जाएगा।

### जांच को प्रभावित करने की आशंका

गौरतलब है कि पूर्व में शिकायत (1 अगस्त) के बाद जब अतिरिक्त कलेक्टर अनिल बाजपेयी ने एसडीएम साजा को जांच के निर्देश दिए थे, तो दो महीने तक जांच लंबित रही। इसी दौरान ठेकेदार ने कथित तौर पर नाली में प्रयुक्त मिट्टी मिली लोकल घाट की रेत और काली गिट्टी को कार्य स्थल से रात्रि में हटवा दिया। वहीं, पार्षद निधी से पोल शिफ्टिंग के लिए नगर पंचायत प्रशासन ने जांच आदेश के बाद ही विद्युत विभाग को फंड जारी कर दिया था। शिकायतकर्ता ने 9 सितंबर को जांच अधिकारी से जांच कार्य को प्रभावित करने की मंशा की शिकायत भी की थी, जिस पर कोई कार्रवाई नहीं हुई थी।

# नवरात्रि पर्व पर बेमेतरा जिले में खाद्य सुरक्षा विभाग की सख्ती



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

नवरात्रि त्यौहार को ध्यान में रखते हुए खाद्य एवं औषधि प्रशासन ने जिलेभर के होटल, ढाबा, किराना, डेयरी व मिठाई दुकानों का औचक निरीक्षण किया जा रहा है। निरीक्षण के दौरान जिले के विभिन्न प्रतिष्ठानों से कुल 11 नमूने संकलित किए गए। इनमें फर्म सदगुरु किराना से सोनपापड़ी और शक्कर, ओम किराना से उड़द एवं अरहर दाल, मयूर ट्रेडर्स से फलाहारी सूजी, गांधी ट्रेडिंग से फलाहारी सिंघाड़ा आटा व राजगीरा आटा, महावीर प्रोविजन स्टोर्स से चक्की फ्रेश आटा व टोस्ट तथा सफायर रेस्टोरेंट से कुक्ड राइस और कुक्ड मिक्स वेज शामिल हैं। इन सभी नमूनों को गुणवत्ता परीक्षण हेतु खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला भेजा गया है।

**शिकायत पर कार्रवाई, मिठाई के नमूने जांच के लिए संकलितः** साजा स्थित करणी मां बीकानेर स्वीट्स की मिठाई की गुणवत्ता को लेकर शिकायत मिलने पर साजा एसडीएम के निर्देशन में विभाग ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दुकान का निरीक्षण किया। यहाँ से कलाकंद, छेना रसगुल्ला और नारियल लड्डू के नमूने जांच के लिए फूड लेबोरेटरी भेजे गए हैं। साथ ही संचालक को नोटिस जारी किया गया है। इसके अलावा, साजा की अन्य मिठाई दुकानों और गुपचुप-चाट कार्नर का निरीक्षण कर स्वच्छता बनाए रखने तथा स्वच्छ पेयजल उपयोग करने के निर्देश दिए गए।

### अमानक पाए जाने पर न्यायालयीन कार्रवाई

खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के तहत, यदि जाँच परिणाम अमानक पाए जाते हैं तो संबंधित फर्म संचालकों के विरुद्ध प्रकरण न्यायालय में प्रस्तुत किया जाएगा। हाल ही में कैलाश ब्रांड गरम मसाले, बालूशाही मिठाई और गणेश कुकिंग सोडा के नमूनों में अमानकता पाए जाने पर न्यायालय द्वारा 1.70 लाख रुपये का अर्थदंड लगाया गया है।

## बुजुर्ग को धमकी देकर केयर टेकर ने 15 लाख वसूले, गिरफ्तार

**भिलाई।** डरा धमका कर बुजुर्ग के साथ रकम वसूलीबकरणी वाली नौकरानी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। एएसपी सुखनंदन राठौर ने बताया कि बुजुर्ग को बलात्कार एवं नाबालिक बेटी के साथ छेडछाड की झूठी शिकायत करने की धमकी देती थी। रेलवे से सेवानिवृत्त होने पर बुजुर्ग ने पत्नी की मौत के बड़बकेर टेकर के रूप में एक महिला को प्रतिमाह 10हजार रुपए में काम पर रखा था। पीड़ित वार्ड 24 बीएमवाई चरोदा भिलाई तीन का रहने वाला है। लगभग तीन-चार वर्ष बाद आरोपिया घर के काम में कोताही बरतने लगी। खाना पकाने को लेकर कुछ खाने और बुजुर्ग से विवाद करती थी। बुजुर्ग को महिला बलात्कार की झूठी शिकायत पुलिस में दर्ज करने की धमकी दिया करती थी। जिसे लेकर बुजुर्ग डरा रहता था।

## आरएसएस ने नवागढ़ में किया पथ संचलन

नवागढ़। विजयदशमी पर्व पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा नवागढ़ नगर में शौर्य और अनुशासन का प्रतीक पथ संचलन निकाला गया। सुसज्जित वेशभूषा में स्वयंसेवक कदमताल करते हुए मुख्य मार्गों से गुज़रे तो वातावरण भारत माता की जय, वंदेमातरम और जय श्रीराम के जयघोष से गूंज उठा। नगर में जगह-जगह स्वागत किया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य मधु रॉय सहित बड़ी संख्या में महिलाओं ने उत्साहपूर्वक पुष्पवर्षा कर स्वयंसेवकों का अभिनंदन किया। पथ संचलन के दौरान नगरवासी भी सड़कों पर उमड़ पड़े और श्रद्धा व उत्साह के साथ कार्यक्रम में शामिल हुए। कार्यक्रम का समापन शाखा स्थल पर हुआ, जहाँ संघ पदाधिकारियों ने विजयदशमी के ऐतिहासिक महत्व पर प्रकाश डाला।



## खबर संक्षेप

### ट्रक चालक की गोडाउन में बंद कर जमकर पिटाई, तीन गिरफ्तार

**भिलाई।** ट्रक चालक को अपहरण कर उस पर डीजल चोरी का आरोपी लगाकर गोडाउन में बंद कर पिटाई करने वाले तीन को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। एएसपी सुखनंदन राठौर ने बताया कि ट्रक मालिक बोरसी, कदमप्लाज़ा, मधुबन नगर दुर्ग निवासी हरप्रीत सिंह उर्फ विक्रम कुलदीप सिंह ने ही अपने दो साथियों के साथ मिलकर चालक जामुल निवासी रविंद्र यादव के साथ जमकर मारपीट किया। रविन्द्र को ट्रक मालिक और उसके दोस्त एलआईजी 293, हुडको, भिलाई नगर निवासी इरफान अहमद,शीतला पारा, हथखोज मनदीप सिंह और ट्रक मालिक ने पिटाई कर दी।

**भाजपा का उद्देश्य केवल राजनीति करना नहीं, बल्कि समाज की सेवा करना हैः राजेंद्र शर्मा**

## महिला मोर्चा ने स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का किया आयोजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

ग्राम सलधा में महिला मोर्चा द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण शिविर आयोजित किया गया। स्वास्थ्य शिविर में पूर्व जिला भाजपा अध्यक्ष राजेन्द्र शर्मा ,प्रदेश मंत्री संध्या परगनिहा, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष ललिता साहू ,सोसायटी अध्यक्ष संजीव तिवारी ,एवं भाजपा नेत्री निशा चौबे के आतिथ्य में यह सम्पन्न हुआ।

इस दौरान मुख्य वक्त के तौर पर पूर्व जिलाध्यक्ष राजेन्द्र शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिवस अवसर पर शुरू हुआ सेवा पखवाड़ा केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि जनसेवा का संकल्प है। इसी कड़ी में भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा बेमेतरा जिले में हेल्थ कैंप आयोजित किया गया, जहां सैकड़ों लोगों ने निःशुल्क स्वास्थ्य जांच करवाई और दवाइयां प्राप्त की। शर्मा ने बताया भाजपा का उद्देश्य केवल राजनीति करना नहीं, बल्कि समाज की सेवा करना है। उन्होंने कहा कि सेवा पखवाड़ा हेल्थ कैंप सेगांव - गांव और घर-घर में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता पहुंचेगी। आज की युवा पीढ़ी को यह समझाना आवश्यक है कि स्वस्थ नागरिक ही सशक्त राष्ट्र का निर्माण कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा ही एकमात्र ऐसी पार्टी है जो राष्ट्रवाद और सेवा भावना को साथ लेकर चलती है। सेवा पखवाड़ा इसी सोच का प्रतीक है, जहाँ जनता को स्वास्थ्य, स्वच्छता और जागरूकता के साथ जोड़कर नए भारत का निर्माण किया जा रहा है। ओर "सेवा पखवाड़ा हेल्थ कैंप केवल स्वास्थ्य परीक्षण नहीं, बल्कि यह अभियान हमें याद दिलाता है कि सेवा ही संगठन है और सेवा ही सच्चा राष्ट्र धर्म है। जब हर नागरिक स्वस्थ होगा, तभी भारत विश्वगुरु बनेगा।"इस अवसर पर डॉ नेहा वर्मा ,सेवाराम साहू मंडल अध्यक्ष,सियाराम सिन्हा सरपंच, यशवंत निषाद, गप्पू महराज लोकेश साहू, आकाश साहू, बिशन साहू, वीरेन्द्र सिन्हा,लीलाराम साहू डॉ अलका साहू डॉ पवन कुमार वर्मा डॉ चेतना परगनिहा डॉ खिया सिंह पटेल उपस्थित थे ।

## हास्य-व्यंग्य और आरा की राष्ट्रभक्ति ने दर्शकों को किया मंत्रमुग्ध

# कवि सम्मेलन में सफर जौनपुरी के व्यंग्य पर गूंजे ठहाके

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवागढ़

नव दुर्गा उत्सव समिति, शंकर नगर, नवागढ़ द्वारा शनिवार की रात आयोजित कवि सम्मेलन खुले आसमान के नीचे बरसती बारिश के बावजूद दर्शकों के लिए अविस्मरणीय साबित हुआ। कोई पंडाल या छतरी न होने के बावजूद, मंच पर कवियों की जोशीली प्रस्तुति और श्रोताओं का उत्साह इस आयोजन को यादगार बना गया। कार्यक्रम का संचालन ओज कवि ईश्वर साहू 'आरा' (साजा) ने किया, जिनकी राष्ट्रभक्ति और जोशीली कविताओं ने श्रोताओं में देशभक्ति का भाव भरा। हास्य रस की बागडोर मनोज श्रीवास्तव (नवागढ़) ने संभाली, जिनके चुटकुलों और तंज-व्यंग्य ने भीगी महफ़िल को हँसी से गूंजता रखा।

मंच पर असली आकर्षण तब पैदा हुआ जब सफर जौनपुरी (जौनपुर, उप्र.) ने अपनी कविताओं और व्यंग्य से श्रोताओं का मन मोह लिया। उन्होंने कश्मीर मुद्दे पर पाकिस्तान को जमकर लताड़ा और बीच-बीच में अपने हास्य-व्यंग्य से बारिश में भीगी महफ़िल में ठहाकों की गड़गड़ाहट मचा दी। जौनपुरी की प्रस्तुति को श्रोताओं ने बार-बार हँसी और तालियों से सराहा और वे इस महफ़िल का सबसे बड़ा आकर्षण रहे।



### छत्तीसगढ़ी संस्कृति और लोकगीतों की प्रस्तुति

मनीराम साहू मितान (सिमगा, बलौदाबाजार) ने छत्तीसगढ़ी लोक परम्पराओं और संस्कृति पर कविताएं सुनाकर श्रोताओं को गांव की मिट्टी और चौपाल की याद दिलाई। वहीं रमेश चोहान (नवागढ़) और गायत्री श्रीवास्तव अमिलाशा (कबीरधाम) ने गीतों की प्रस्तुति से महफ़िल को और रंगीन बना दिया।

### बारिश भी गुनगुना रही थी कविताएं : आयोजक

इस कवि सम्मेलन में नवागढ़ के साहित्य और कला प्रेमियों के अलावा कई गणमान्य दर्शक उपस्थित रहे, जिनमें विनोद साहू, सिलोचन साहू, लक्की खुराना, संजय साहू, अमित जांगड़े, छबील साहू** और बीआर हिरवानी प्रमुख थे। आयोजक समिति के अध्यक्ष प्रदीप साहू ने कहा कि, कवि सम्मेलन इतना जीवंत और आकर्षक रहा कि बारिश भी हमारे साथ कविताएँ गुनगुना रही थी। इस आयोजन ने साबित कर दिया कि साहित्य, हास्य और लोक संस्कृति का यह संगम बारिश में भी लोगों के दिलों को जोड़ सकता है, और नगरवासियों के लिए यह रात अविस्मरणीय बन गई।



## खबर संक्षेप



### स्कूल में फिल्म का प्रदर्शन

**डोंगरगढ़।** हायर सेकेंडरी स्कूल ढारा में सेवा पखवाड़ा अंतर्गत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जीवन पर आधारित डॉक्युमेंट्री फिल्म का प्रदर्शन किया गया। स्वास्थ्य विभाग ने छात्र, छात्राओं को स्वास्थ संबंधी जानकारी दी। इस दौरान जैन कुमार मेश्राम, रवि यादव, मनीष सोनी, हेमकुमार साहू, अनिल वर्मा, रोशन वर्मा, भागचंद वर्मा, धुरसिंह धनकर, दीपक ठाकुर आदि उपस्थित थे।

### सांसद अग्रवाल पहुंच देवी मंदिर

**डोंगरगढ़।** रायपुर के सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने समर्थको के साथ पहुंचकर उपर मंदिर एवं नीचे मंदिर में माता बम्लेष्वरी की विधि विधान से पूजा अर्चना किया। डोंगरगढ़ पहुंचे सांसद श्री अग्रवाल का भाजपा कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया। भाजपा नेता हरविंदर सिंग मंगे के होटल राजइन पहुंच कर पार्टी की गतिविधियां पर चर्चा किया।

### कार्यकर्ताओं ने मनाया भारती का जन्मदिन

**डोंगरगढ़।** पूर्व विधायक रामजी भारती का जन्मदिन कार्यकर्ताओं और समर्थकों ने धुमधाम से मनाया गया। इस दौरान शहर के अनेक जगह आयोजन कर उनका स्वागत किया गया। आतिशबाजी कर केक काटा गया। श्री भारती ने मां बम्लेश्वरी के दर्शन करने के बाद आश्राम और छात्रावास जाकर बच्चों के साथ जन्मदिन मनाया।

### फेडरेशन के निर्विरोध अध्यक्ष बने कीरत

**छुरिया।** छग सहायक शिक्षक समग्र शिक्षक फेडरेशन के प्रांतीय आह्वान पर निर्वाचन पर्यवेक्षक दीपक साहू, खिलावन ठाकुर, मिलन साहू, प्यारेलाल साहू की मौजूदगी में ब्लॉक ईकाई अध्यक्ष का चुनाव रविवार को संपन्न हुआ। फेडरेशन से जुड़े शिक्षक-शिक्षिकाओं ने कीरत गणवीर को दोबारा निर्विरोध अध्यक्ष चुना। चुनाव के बाद शिक्षकों ने गुलाल और फूलमाला से उनका स्वागत किया। इस दौरान जिलाध्यक्ष राकेश खोब्रागढे, उमाशंकर साहू, कार्तिक धृतलहरे, दिग्विजय नेताम, पदमा सेवता आदि मौजूद थे।

## आस्था : रात्रि में विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों और झांकी का भी हो रहा है आयोजन

# मां महामाया धाम बुचीपुर में नवरात्रि की धूम, 1462 ज्योत कलश हुए प्रज्ज्वलित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

जिले में शारदीय नवरात्रि पर्व की धूमधाम से मनाई जा रही है। बेमेतरा जिले के सबसे सुप्रसिद्ध मंदिर मां महामाया धाम बुचीपुर में नवरात्रि के पहले दिन से ही श्रद्धालुओं की भारी भीड़ देखने को मिल रही है। हजारों की संख्या में भक्तगण पहुँचकर शक्ति की देवी माँ दुर्गा से आशीर्वाद प्राप्त कर रहे हैं। वर्तमान में शारदीय नवरात्रि पर्व के दौरान बुचीपुर धाम में कुल 1462 मनोकामना ज्योत प्रज्वलित की जा रही है, जिनमें 1354 तेल ज्योत और 108 घृत (घी) ज्योत शामिल हैं। महामाया समिति और क्षेत्रवासियों द्वारा प्रतिदिन जस गीत के माध्यम से माता सेवा की जा रही है। वहीं, रात्रि में विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों और झांकी का आयोजन भी हो रहा है। समिति द्वारा भक्तों के लिए पूरे पर्व के दौरान प्रसादी और भोज भंडारा की व्यवस्था की गई है। प्रतिदिन बड़ी संख्या में भक्त माँ महामाया के दर्शन के लिए बुचीपुर धाम पहुँच रहे हैं।

**मंदिर का 43 वर्ष पुराना इतिहास और भव्य निर्माणः** हाफ नदी के सुरम्य तट पर बसा बुचीपुर ग्राम, जिसकी आबादी आज 70-75 घर की है, लगभग 43 वर्ष पूर्व यहाँ माँ महामाया घास-फूस की कुटी में स्थापित थीं। आज यह धार्मिक पर्यटन स्थल घोषित हो चुका है और इसकी प्रसिद्धि प्रदेश के अलावा अन्य प्रांतों में भी फैल चुकी है। सर्वप्रथम सन 1980 के चैत्र नवरात्रि पर्व पर





इस मंदिर में 15 मनोकामना ज्योति कलश प्रज्ज्वलित हुई थीं। मंदिर समिति का निर्माण सन 1981 में हुआ। शिक्षक रहे मंदिर के वर्तमान कर्ताधर्ता के सहयोग से 2003 में 21 लाख रुपये की लागत से भव्य मंदिर का निर्माण आरंभ हुआ, जो पूर्णतः जनसहयोग से संपन्न हुआ।

**मंदिर की संरचना**

**मंदिर की भव्य संरचना में तीन तल हैं:**
1. प्रथम तलः महालक्ष्मी की मूर्ति स्थापित है।
2. दूसरा तलः मुख्य मंदिर, जिसमें माँ महामाया की मूर्ति स्थापित है।
3. तीसरी मंजिलः मां महासरस्वती की मूर्ति स्थापित है।

मंदिर में 52 गुंबज हैं, और इसकी ऊंचाई 52 फीट, चौड़ाई 24 फीट एवं लंबाई 26 फीट है। समिति के अध्यक्ष ओमकार वर्मा ने मंदिर की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि 18वीं शताब्दी में लगभग 160 साल पहले, ग्राम बुचीपुर, ओंकारपुरी गोस्वामी (मालगुजार) के अधीनस्थ जागीरी ग्राम था। ओंकारपुरी और उनके आम मुख्तियार ठाकुर राम वर्मा (मूल निवासी बुचीपुर) की भक्ति का परिणाम है माँ महामाया धाम।

### मूर्ति स्थापना

संतानहीन ठाकुर राम वर्मा को स्वप्न आया, जिसके बाद मालगुजार की सहमति से नवागढ़ (16 किमी दूर) के एक तालाब के अंदर से माँ महामाया की मूर्ति बैलगाड़ी से बुचीपुर लाई गई। मूर्ति ले जाते समय रास्ते में कई बार रुकती रही, जहां 720 नारियल और तीन दौरी बकरे की बलि देने के बाद ही काफिला आगे बढ़ सका। मंदिर की स्थापना के बाद, वर्मा दंपत्ति वैराग्य हो गए और नित्य सेवा में लीन रहने लगे। आज भी मालगुजार के वंशज माता की पूजा में समय देते आ रहे हैं।

### चमत्कार और विश्वास

मंदिर के चमत्कारों के संबंध में एक घटना का जिक्र किया गया, जिसमें गांव के सरहदी गांव कटई में हैजा फैलने पर, वर्मा दंपत्ति की प्रार्थना पर माँ महामाया ने एक बुढ़िया को ले जाकर उसके मृतक पुत्र को भभूत से जीवित कर दिया था। आज भी अटूट विश्वास और श्रद्धा रखने वाले भक्तजन क्वार और चैत्र पर्व में मनोकामना ज्योति कलश प्रज्ज्वलित करवाते हैं।

### सदस्यता और ज्योति कलश शुल्क

* मंदिर समिति 10 में आजीवन सदस्यता प्रदान करती है, जिसकी राशि से दोनों पर्वों में प्रथम ज्योति* प्रज्ज्वलित होती है। 6001 शुल्क लेकर अखंड ज्योति कलश प्रज्ज्वलित किया जाता है, जो सन 1994 से निरंतर जारी है। समिति द्वारा निर्धारित शुल्क में तेल राजकीय ज्योति और घृत राजकीय ज्योति कलश भी प्रज्ज्वलित की जाती है।

## जगराता व चुनरी यात्रा में सामाजिक एकता और धार्मिक आस्था का संदेश



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

नवरात्रि के पावन पर्व पर ग्राम मोहरेंगा, हसदा एवं बासा में आयोजित जगराता एवं चुनरी यात्रा कार्यक्रम में भाजपा किसान नेता योगेश तिवारी ने मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होकर मां दुर्गा का दर्शन एवं आशीर्वाद प्राप्त किया। कार्यक्रम स्थल पर हजारों की संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। मां शक्ति के भजनों की मधुर गूंज और चुनरी यात्रा के जयकारों से गाँव का वातावरण भक्तिमय हो गया।

■ नवरात्रि पावन पर्व ग्राम मोहरेंगा, हसदा एवं बासा में शामिल हुए भाजपा किसान नेता योगेश तिवारी

योगेश तिवारी ने मंच से श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा – माता-पिता की सेवा और अर्चना करने के बाद ही भगवान की सेवा स्वीकार होती है। यदि मां-बाप की उपेक्षा की और केवल भगवान का नाम लिया, तो वह पूजा अधूरी मानी जाती है। माता-पिता की सेवा करना ही प्रथम सेवा है और वही सबसे बड़ा धर्म है। ग्रामीणों ने भी इस अवसर पर योगेश तिवारी के सामाजिक कार्यों की प्रशंसा करते हुए कहा कि श्री तिवारी आश्रम खोलकर उन बुजुर्ग माता-पिता की सेवा कर रहे हैं जिनका दुनिया में कोई सहारा नहीं है। 'मां गोदावरी आनंद वन', गोमची में बेसहारा बुजुर्गों को परिवार जैसा स्नेह देकर उन्होंने एक अनूठी मिसाल कायम की है।" पूरे आयोजन में ग्रामीणों का उत्साह और श्रद्धा देखते ही बन रही थी। चुनरी यात्रा एवं जगराता के इस कार्यक्रम ने गाँव में धार्मिक आस्था और सामाजिक एकता का संदेश दिया। इस अवसर पर मोहित साहू, महेंद्र पाल, रुपेश पाल, योगेश पाल ,तरुण पाल, राजकुमार , दिनेश,बंजारे, राकेश साहू, क्रांति निर्मलकर, टिकेंद्र यादव एवं डिलेवरी सिन्हा ,सरपंच शत्रुहन आडिल ,उपसरपच केशव सिन्हा ,बेनी साहू, हेमलाल सिन्हा ,लोकनाथ साहु, अशोक देवागन, सि आर साहू ,नरेंद्र यादव ,बगश यादव, तामेशवर सिन्हा ,घनश्याम सिन्हा, अनंदीराम सिन्हा, चोवाराम कामत साहु ,राज साहु, तारन ठाकुर ,लक्ष्मीनारायण वर्मा, राहुल वर्मा ,दुर्गेश वर्मा ,मिथलेश पाटिल, राजा विश्वकर्मा,किशन यादव ,कुलदीप धीवर ,राजेश वर्मा ,नीलकमल खुमान यादव, शंकर देवांगन, विकाश वर्मा ,इंद्र वर्मा सहित अन्य मौजूद रहे।

## धूमधाम से मनाया छग महतारी मूर्ति सृजन दिवस



**बेरला।** तहसील भिंभौरी क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत पिरदा के आश्रित ग्राम गब्दा में छत्तीसगढ़िया क्रांति सेना के आह्वान पर लगातार तीसरी बार छत्तीसगढ़ महतारी मूर्ति सृजन दिवस का आयोजन बड़े ही धूमधाम और उत्साह के साथ किया गया। यह आयोजन छत्तीसगढ़ के स्वाभिमान और संस्कृति के प्रति लोगों की गहरी आस्था को दर्शाता है। रैली बेरला ब्लॉक के 24 गांवों से होकर गुजरी। जिसके पश्चात शाम को गांव गब्दा (पिरदा) स्थित छत्तीसगढ़ महतारी चौक पर मुख्य कार्यक्रम का आयोजन हुआ।

इस अवसर पर पुरेन्द्र साहु जिला युवा अध्यक्ष, छत्तीसगढ़ीया क्रान्ति सेना निलेश साहू जिला अध्यक्ष,जिला महिला अध्यक्ष सुषमा परगनिहा, जिला उपाध्यक्ष गजेन्द्र निषाद, जिला मीडिया प्रभारी जोहार छत्तीसगढ़ पार्टी नंदू निषाद, शहर अध्यक्ष फौजी सूर्या सिंह चौहान बेमेतरा शहर अध्यक्ष, पार्थ मानिकपुरी, जितेन्द्र वर्मा, खेलूं वर्मा, जगेंद्र वर्मा, प्रदीप वर्मा, राजा वर्मा, भूषण यादव, नरेन्द्र निषाद, खोमु निषाद, भूषण प्रताप, शिव यदु, ओमकार, लोकेश निषाद, दिलीप टिकरिहा, कवि, चंद्रिका निषाद, मोहन निषाद, जनक निषाद, ढेलिन निषाद ब्लाक अध्यक्ष, सोहन परगनिहा तथा ब्लाक अध्यक्ष जोहार छत्तीसगढ़ पार्टी धनंजय निषाद आदि मौजूद रहे।

## सहायक शिक्षक समग्र फेडरेशन का 3 वर्षीय कार्यकाल का हुआ चुनाव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

साजा में सहायक शिक्षक समग्र फेडरेशन का 3 वर्षीय कार्यकाल के लिए निर्वाचन रखा गया। निर्वाचन पर्यवेक्षक दिलीप कुमार यदु रहे, संगठन के सदस्य गण उपस्थित हुए,और चर्चा उपरांत सर्वसम्मति से अजय यादव सहायक शिक्षक को ब्लाक अध्यक्ष व ब्लाक संयोजक के पद पर कमल शर्मा व धनेश रजक को कार्यकारी ब्लाक अध्यक्ष, ढाल सिंह यादव ब्लाक सचिव, जय बहादुर राजपुत ब्लाक कोषाध्यक्ष, लिमेश गुप्ता ब्लाक उपाध्यक्ष के पर सर्वसम्मति से मनोनित किया गया, जिला पर्यवेक्षक सी डी भट्ट के मार्गदर्शन में दिलीप यदु ब्लाक पर्यवेक्षक ने चुनाव प्रक्रिया सम्पन्न कराया। सर्वसम्मति से मनोनित होने



पश्चात कार्यकारी कार्यवाहक बसंत कौशिक, अशोक ध्रुव, तारण दास मानिकपुरी ने अध्यक्ष अजय यादव, कार्यकारी ब्लाक अध्यक्ष धनेश रजक, संयोजक कमल शर्मा सहित सभी पदाधिकारियों को मिठाई खिलाकर मुंह मीठा किया व गुलाल लगाकर पुष्प माला पहनाकर सभी पदाधिकारियों का स्वागत किया, सभी एक दूसरे से गले मिले। सभी पदाधिकारियों ने कहा की शेष बचे पद पर कार्यकारिणी का विस्तार बहुत जल्दी बैठक आयोजित कर किया जायेगा।

ब्लाक अध्यक्ष पद पर सर्वसम्मति से मनोनित करने पर सभी संगठन के सदस्यों का आभार जताया और कहा हम सभी पदाधिकारी पूरा प्रयास करेंगे। हम अपने संगठन के लिए बेहतर काम करे। बसंत कौशिक कार्यकारी कार्यवाहक ने सभी पदाधिकारियों को बधाई और शुभकामनाएं दिया और कहा आप सभी पदाधिकारी हमारे साजा ब्लाक के शिक्षक साथियों संगठन हित में बेहतर काम करेंगे। कमल शर्मा, धनेश रजक ने कहा एक अच्छा संगठन तैयार हुआ है और जरूर इसका लाभ संगठन को मिलेगा। ज्ञात हो की पुरे छत्तीसगढ़ में सहायक शिक्षक समग्र शिक्षक फेडरेशन का चुनाव प्रक्रिया चल रही है, इनका कार्य काल तीन वर्ष का रहेगा, निर्वाचन प्रक्रिया के समय संगठन के सदस्य दिलीप यदु, अशोक ध्रुव, बसंत कौशिक, धनेश रजक, कमल शर्मा, ढालसिंह यादव, तारण दास मानिकपुरी, लिमेश गुप्ता,विजय बहादुर राजपुत, सुमन कौशिक ,केजउ राम राणा, संत कुमार घृतलहरे, उपस्थित रहे।

## माता दुर्गा का झांकी से जीवन में अध्यात्मिक शक्ति का होता है विकास : सिन्हा नपाध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा



प्रजापिता ब्रह्माकुमारीज में शारदीय नवरात्र के उपलक्ष्य में चैतन्य देवियों की झांकी का आयोजन किया गया था। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष विजय सिन्हा और अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने भाग लिया।

चैतन्य देवियों की झांकी में ब्रह्माकुमारी शशि दीदी ने बताया कि यह झांकी उन नारियों का प्रतीक है जिन्होंने अपने अवगुणों और विकारों पर विजय पाकर पवित्रता और दिव्य गुणों को धारण किया है। उन्होंने कहा नवरात्रि पर पूजे जाने वाले देवी के नौ स्वरूप इन्हीं की स्मृति हैं। झांकी का मुख्य उद्देश्य समाज में यह संदेश देना है कि हर महिला अपने भीतर की दिव्यता को पहचानकर एक श्रेष्ठ जीवन जी सकती है। इस दौरान नपाध्यक्ष विजय सिन्हा ने इस आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि ब्रह्माकुमारीज संस्था वर्षों से लगातार इस तरह के आयोजन कर रही है और हर साल इसकी लोकप्रियता बढ़ रही है। उन्होंने झांकी के सजीव रूप से मन में पाप-मुक्ति और असीम शांति का भाव जागृत होने की बात कहते हुए कहा मां दुर्गा युगों-युगों से शक्ति और ज्ञान की देवी के रूप में जनमानस में प्रतिष्ठित हैं। इस प्रकार का भव्य आयोजन नगरवासियों के लिए गौरव की बात है और वातावरण को सकारात्मक बनाता है।

## स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार' के तहत स्वास्थ्य शिविर आयोजित

**बेमेतरा।** स्वास्थ्य विभाग जिले में सेवा पखवाड़ा, सघन प्रचार प्रसार जागरूकता अभियान एवं स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान17 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक चलाया जा रहा है। जिसके चलते जिला बेमेतरा के विभिन्न स्वास्थ्य केंद्रों में स्वास्थ्य सेवा से जुड़े कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कारेसरा एवं आश्रित ग्राम पदुमसरा में स्वस्थ्य नारी, शसक्त परिवार अभियान में सभी ग्रामीण एवं जनप्रतिनिधियो का स्वास्थ्य जांच किया गया, जनप्रतिनिधि जिला पंचायत सभापति प्रीति गोवेंद्र पटेल जी, देवी परमेश्वर वर्मा जी सभी जनपद सदस्य, सभी ग्राम पंचायत के सरपंच

■ हिमोग्लोबिन, बीपी, शुगर, वजन और गर्भवती महिलाओं की जांच



व पंच लोगों के साथ सभी ग्रामीणों ने स्वास्थ्य शिविर में स्वास्थ्य जांच कराए। स्वास्थ्य विभाग सघन प्रचार प्रसार, जागरूकता अभियान चलाकर आयोजन किया गया। महिलाओं को मिलने वाली विशेष स्वास्थ्य सेवाएं, हिमोग्लोबिन, सिकलीन,बीपी, शुगर, वजन, गर्भवती महिलाओं की स्वास्थ्य जांच किया गया। यह शिविर सीएमएचओ डॉ अमृत लाल रोहलेडर के निर्देश एवं बीएमओ साजा डॉ अश्वनी कुमार वर्मा के मार्गदर्शन पर एवं डॉ रवि वर्मा ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में आयोजित किया। जिसमें सुपरवाइजर के के निर्मल, एलएचवी सरला पाण्डेय, आरएचओ राजेश जायसवाल, कमलेश बोदेलकर संजय मानिकपुरी, विद्या पाटिल, के देशमुख, वंदना केसरवानी, पंकज वर्मा इन सभी के सहयोग से स्वस्थ्य नारी सशक्त परिवार अभियान शिविर सफल रहा। अंत में डॉ रवि वर्मा एवं संचालन कर्ता नारद साहू ने सबको बहुत-बहुत धन्यवाद दिया गया।

## नंदकुमार साहू बने ग्रामीण साहू संघ अकलवारा के अध्यक्ष



**बेमेतरा।** ग्रामीण साहू संघ अकलवारा का गठन हुआ जिसमें निर्वाचन अधिकारी के रूप में दिनेश साहू अधिवक्ता अध्यक्ष परिक्षेत्र साहू संघ देवकर रहे तथा साथ परिक्षेत्र साहू संघ देवकर के सचिव होरी लाल साहू, युवा संयोजक प्रीतम साहू , गुरुजी थलज कुमार साहू, तारकेश्वर साहू, संतोष साहू , नवनिर्वाचित ग्रामीण अध्यक्षगण - कमलेश साहू सहसपुर, नंदू साहू राखी जोबा, डीहू राम साहू काचरी, राम कृष्ण साहू कोषाध्यक्ष सहसपुर, सुखसिंग साहू, टेकराम साहू, बहल साहू राखी जोबा एवं अधिक संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे। जिसमें ग्रामवासी के द्वारा सर्वसम्मति से संरक्षक कमलनारायण साहू, नंद कुमार साहू अध्यक्ष, बसंत साहू उपाध्यक्ष, मथुरा साहू महिला उपाध्यक्ष, सचिव ध्रुव साहू , कोषाध्यक्ष सुनील साहू, संगठन सचिव पुरान साहू , संगठन सचिव महिला कुमारी साहू, एवं अन्य पदाधिकारीगण का सर्वसम्मति से नियुक्त किया गया। नवनिर्वाचित ग्रामीण साहू संघ अकलवारा के अध्यक्ष नंद कुमार साहू ने अपने संक्षिप्त उद्बोधन में सबके आशीर्वाद से, सबके सहयोग से और सबको साथ लेकर चलने की बात कही और समस्त सामाजिक बंधुओं का आभार माना।

## संस्कार और उन्नत समृद्ध वैदिक परंपरा के लिए पुजारी पुनर्प्रशिक्षण शिविर

# मंदिर के पुजारी के लिए आचरण सहिता का पालन अति आवश्यक : डॉ. सौरव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

अखिल भारतीय पुजारी पुरोहित संघ की बैठक उपरांत धर्म स्तम्भ काउंसिल के सभापति डॉ. सौरव निर्वाणी ने बताया कि तीन अक्टूबर से पांच अक्टूबर तक राधाकृष्ण मंदिर नवागढ़, बाला बावा मंदिर राजनंदगांव और रामजानकी मंदिर रायपुर में तीन दिवसीय पुनर्प्रशिक्षण संस्कार शिविर का आयोजन होगा। इसमें मंदिरों के पुराने पुजारियों एवं नवसेवकों को पूजा-अर्चना की सम्पूर्ण शास्त्रसम्मत विधि सिखलाई जाएगी। भोजन व ठहरने की व्यवस्था धर्म स्तंभ काउंसिल द्वारा की गई है तथा प्रशिक्षण पश्चात पुजारियों को प्रमाण पत्र प्रदान किया जाएगा। प्रदेश अध्यक्ष महंत सुरेंद्र दास ने घोषणा की कि राज्य के विभिन्न मठ-मंदिरों में सेवा करने वाले पुजारियों एवं सेवायतों के लिए यह निःशुल्क प्रशिक्षण शिविर है।

### इसमें निम्न विषयों का प्रशिक्षण दिया जाएगा

*भगवान का श्रृंगार एवं अलंकरण कला

*मौली बंधन की विधि, मंत्रोच्चारण एवं संहिता-पाठ

*भोग भंडार व्यवस्था, पट खोलने एवं बंद करने की विधि

*नित्य एवं विशेष आरती विधान, भजन संध्या एवं संकीर्तन पद्धति

*भक्त संवाद शैली एवं प्रश्नोपचार

*भगवान विग्रह का अभिषेक एवं स्नान-मंडल विधान

*शुद्धाचार, आचार्य मर्यादा एवं वैदिक सेवा प्रणाली



### पुजारियों की वेषभूषा नियमावली भी निर्धारित की गई है

धोती व उपरना (सफेद या भगवा रंग) माथे पर तिलक रामानुज, वैष्णव, शैव या शाक्त परंपरा अनुसार गले में रुद्राक्ष/तुलसी की माला नंगे पैर अथवा मंदिर योग्य पादुका

चमड़े से बने वस्त्र/सामग्री का निषेध प्रशिक्षण विभाग प्रमुख रूपेश पांडेय ने स्पष्ट किया कि मंदिर में पुजारी सदैव मधुर वाणी, धैर्य और नम्रता का पालन करें। मंदिर प्रांगण में संयम, समयपालन और शुद्धाचार आवश्यक है। मद्य-मांस और अपवित्र वस्तुओं का निषेध रहेगा, और यदि कोई पुजारी निजी जीवन में भी इसका पालन न करे तो वह मंदिर में पूजा करने की पात्रता खो देगा। भक्तों से संवाद में धार्मिक गरिमा और शिष्टाचार अनिवार्य होगा। डॉ सौरव निर्वाणी ने कहा कि इस प्रशिक्षण शिविर का उद्देश्य है मठ-मंदिरों के पुजारियों को शास्त्रसम्मत परंपराओं का पालन कर भक्तों को संस्कारित सेवा प्रदान करने योग्य बनाना, ताकि पुजारियों की गरिमा और प्रतिष्ठा पुनः स्थापित हो। यह शिविर अखिल भारतीय पुजारी पुरोहित संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष देवकुमार बालादास के मार्गदर्शन में संचालित होगा। धर्म स्तंभ कौंसिल का मानना है कि समाज को योग्य आचरणशील पुजारियों को सम्मान देना चाहिए और विरुद्ध आचरण करने वालों का बहिष्कार होना चाहिए। "मठ-मंदिरों की आत्मा, उनके पुजारी और सेवायत ही हैं। यदि वे शुद्धाचार, शास्त्रसम्मत ज्ञान और मर्यादाओं से सम्पन्न हों, तो सम्पूर्ण समाज धर्ममय और संस्कारित बनेगा।"

